प्रेस विज्ञप्ति :-

केन्द्रीय विद्यालय, कमला नेहरू नगर, गाजियाबाद में 73 वाँ स्वतन्त्रता दिवस बड़े उत्साह और भव्यता के साथ मनाया गया। इस बार हमारे प्यारे देश में यह राष्ट्रीय पर्व विशेष ऐतिहासिक महत्व रखता है, क्योंकि इस बार पूरे देश में तिरंगा फहराया गया है, पहले जम्मू-कश्मीर में धारा 370 होने के कारण एक मात्र यह राज्य ऐसा था जहाँ भारतीय ध्वज नहीं फहराया जाता था।

विद्यालय में छात्र-छात्राओं ने मोहक रंग-बिरंगी वेश-भूषा में राष्ट्रीयता के भावों से ओत-प्रोत देश भक्ति के सुरीले मधुर गीत, समूहगान, नृत्य प्रस्तुत किए, कक्षा-10 की छात्रा अनुराधा ने स्वतन्त्रता दिवस के महत्व पर भाषण दिया, कक्षा-12 "ब" साक्षी झा ने अंग्रेजी में भाषण दिया। कक्षा-7 "ब" की छात्रा प्रतिष्ठा ने कार्यक्रम संचालन किया।

इस अवसर पर विद्यालय प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष संचार रत्न श्री एम. के. सेठ, विद्यालय के कर्मठ प्राचार्य श्री विजय कुमार, उप प्राचार्य श्री चन्द्र मोहन सिंह, मुख्य अध्यापक तथा विद्यालय के शिक्षक वृन्द अन्य विद्यालयों से आए शिक्षक गण, अभिभावक जन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तैयारी दोनों पालियों की संगीत शिक्षकाओं ने करायी, जिसकी प्रस्तुतियों ने सभी को मन्त्र मुग्ध कर दिया।

प्राचार्य
केन्द्रीय विद्यालय
कमला नेहरू नगर

विद्यालय के सी. सी. ए. प्रभारी श्री एस.पी. यादव फोटो ग्रॉफी में श्री एच. आर. शर्मा, श्री सत्येन्द्र सिंह का विशेष योगदान रहा।

माननीय श्री एम. के. सेठ तथा प्राचार्य श्री विजय कुमार ने प्रेरणादायक उद्बोधन दिया अन्त में मिष्ठान्न वितरण के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

विद्यालय परिसर भारत माता, वन्दे मातरम् के नारों से गुंजायमान हो उठा।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री एम. के. सेठ ने विद्यालय के गौरव स्वरूप उन छात्रों को सम्मानित किया जिन्होंने सी. बी. एस. ई. परीक्षा परिणाम में विद्यालय की कीर्ति वर्धन का कार्य किया है। कक्षा-12, "विज्ञान संवर्ग" से वैभव अनुरागी, सुकृति यादव "विज्ञान" प्रज्ञा राणा मानविकी संवर्ग से इन तीनों को 10-10 हजार का चैक देकर सम्मानित किया। कक्षा-10 में सी. बी. एस. ई. परीक्षा परिणाम में अति उत्तम प्रदर्शन करने वाले अनन्त कुमार जैसवाल, ईशा यादव को 5-5 हजार का चैक देकर सम्मान दिया गया।

उपस्थित जन समूह ने विद्यालय के प्राचार्य व शिक्षकों की प्रशंसा की।

प्राचार्य
केन्द्रीय विद्यालय
कमला नेहरू नगर
गाजियाबाद-201002